C. S. (Main) Exam : 2011

C-DTN-L-DBB

# COMMERCE AND ACCOUNTANCY

## Paper II

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 300

## INSTRUCTIONS

*Each question is printed both in Hindi and in English.*

*Answers must be written in the medium specified in the Admission Certificate issued to you, which must be stated clearly on the cover of the answer-book in the space provided for the purpose. No marks will be given for the answers written in a medium other than that specified in the Admission Certificate.*

*Candidates should attempt Questions no.* ***1*** *and* ***5*** *which are compulsory, and any* ***three*** *of the remaining questions selecting at least* ***one*** *question from each Section.*

*Assume suitable data if considered necessary and indicate the same clearly.*

*All questions carry equal marks.*

**ध्यान दें :** *अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस प्रश्न-पत्र के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।*

## SECTION A

1. Write short notes on the following in about 150 words each : *15×4=60*

   (a) Kurt Lewin's change model

   (b) Path-goal theory of leadership

   (c) Rationale of Quality Circles (QC)

   (d) Achieve model of performance

2. (a) "Organisation design may involve strategic decisions but is properly viewed as a path to effective strategy execution." Explain it and discuss the basic principles of organisational design. *30*

   (b) "The Neo-classical theory of organisation embarked on the task of compensating for some deficiency in classical doctrine." Explain it and discuss the salient features of modern concept of organisation theory. *30*

3. (a) "Authority is the cement of organisational structure and a thread that makes it possible." Elucidate it and discuss the role of power of knowledge. *30*

   (b) Explain internal and external factors which influence perception and discuss the role and application of perception in an organisation. *30*

## खण्ड क

1. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में होनी चाहिए : *15×4=60*

   (क) कर्ट लेविन का परिवर्तन मॉडल

   (ख) नेतृत्व का पथ-लक्ष्य सिद्धान्त

   (ग) गुणवत्ता चक्र का औचित्य

   (घ) निष्पादन का उपलब्धि मॉडल

2. (क) "संगठनात्मक अभिकल्प में रणनीतिक निर्णयन सन्निहित हो सकता है परन्तु सही ढंग से प्रभावकारी रणनीति निष्पादन के पथ के रूप में देखा जाता है ।" इसकी व्याख्या कीजिए तथा संगठनात्मक अभिकल्प के प्रमुख सिद्धान्तों की विवेचना कीजिए । *30*

   (ख) "संगठन का नव-प्रतिष्ठित सिद्धान्त प्रतिष्ठित सिद्धान्त की कुछ कमियों की क्षतिपूर्ति करने का कार्य करता है ।" इसकी व्याख्या कीजिए तथा संगठन सिद्धान्त की आधुनिक अवधारणा की प्रमुख विशेषताओं की विवेचना कीजिए । *30*

3. (क) "अधिकार संगठनात्मक संरचना का सीमेन्ट है तथा एक धागा है जो इसे संभव बनाता है ।" इसको स्पष्ट कीजिए तथा ज्ञान की शक्ति की भूमिका की विवेचना कीजिए । *30*

   (ख) आन्तरिक एवं बाह्य कारकों की व्याख्या कीजिए जो अवगम को प्रभावित करते हैं तथा संगठन में अवगम की भूमिका तथा अनुप्रयोग की विवेचना कीजिए । *30*

4. (a) Distinguish between substantive and affective conflict. Examine Rahim's criteria for conflict management. 30

(b) "Every business needs a strategy to take care of changes both expected and unexpected." Comment. How do you think resistance to change can be overcome ? 30

4. (क) सारवान एवं भावात्मक द्वन्द्व में अन्तर बताइए । द्वन्द्व प्रबन्धन के लिए रहीम के मानदण्डों का परीक्षण कीजिए । 30

(ख) "प्रत्याशित एवं अप्रत्याशित दोनों ही परिवर्तनों पर ध्यान रखने के लिए, प्रत्येक व्यवसाय को एक रणनीति की आवश्यकता होती है ।" टिप्पणी कीजिए । आपके विचार से, परिवर्तन के लिए प्रतिरोधों पर कैसे विजय पाई जा सकती है ? 30

## SECTION B

5. Write short notes on the following in about 150 words each : *15×4=60*

   (a) Thomas profiling hiring technique

   (b) Emerging perspective on training in India

   (c) Objectives of orientation programmes

   (d) Strategies to curb absenteeism

6. (a) Explain how human resource management boosts solvency, profitability and efficiency of an organisation. *30*

   (b) "Employees' welfare schemes are to create efficient, healthy, loyal and satisfied labour force for the organisation." Elucidate this statement and suggest some welfare measures for the benefit of the employees. *30*

7. (a) "The primary function of performance appraisal is to help each employee to handle the current job better." Explain. Which method would you recommend for appraising managerial personnel in India ? *30*

   (b) Explain the circumstances under which job evaluation has a good chance to succeed and describe the procedure for job evaluation. *30*

## खण्ड ख

5. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में होनी चाहिए : *15×4=60*

(क) थॉमस की पार्श्वक नियुक्ति तकनीक

(ख) भारत में प्रशिक्षण का उभरता अनुदृश्य

(ग) अभिविन्यास कार्यक्रमों के उद्देश्य

(घ) अनुपस्थिति को नियंत्रित करने की रणनीतियाँ

6. (क) व्याख्या कीजिए, किस प्रकार से मानव संसाधन प्रबन्ध संगठन में ऋणशोधन क्षमता, लाभदायकता तथा कार्यकुशलता का संवर्धन करता है । *30*

(ख) "कर्मचारी कल्याण योजनाएँ संगठन के लिए, कार्यकुशल, स्वस्थ, निष्ठावान तथा संतुष्ट श्रम शक्ति का सृजन करती हैं ।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए तथा कर्मचारियों के हित के लिए, कुछ कल्याणकारी उपायों का सुझाव दीजिए । *30*

7. (क) "निष्पादन मूल्यांकन का प्राथमिक कार्य प्रत्येक कर्मचारी को वर्तमान कार्य को अच्छे ढंग से संचालन करने में सहायता करना है ।" स्पष्ट कीजिए । भारत में प्रबन्धकीय कार्मिकों के मूल्यांकन के लिए किस विधि की आप अनुशंसा करेंगे ? *30*

(ख) उन परिस्थितियों की व्याख्या कीजिए जिनमें कार्य मूल्यांकन के सफल होने का अच्छा अवसर है तथा कार्य मूल्यांकन की प्रक्रिया का वर्णन कीजिए । *30*

8. (a) "Industrial Relations in India is a dynamic and evolving concept." Explain it and suggest measures for improving industrial relations in public enterprises in India. *30*

(b) How far has International Labour Organisation influenced the Indian labour situation ? Suggest suitable measures in this regard. *30*

8. (क) "भारत में औद्योगिक सह-सम्बन्ध एक गत्यात्मक एवं विकास-अभिमुख अवधारणा है ।" इसकी व्याख्या कीजिए तथा भारत में लोक उद्यमों में औद्योगिक सह-सम्बन्धों में सुधार लाने के लिए उपायों का सुझाव दीजिए । *30*

(ख) किस सीमा तक अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने भारतीय श्रम स्थिति को प्रभावित किया है ? इस सम्बन्ध में उपयुक्त उपायों का सुझाव दीजिए । *30*

C-DTN-L-DBB

# वाणिज्य व लेखाविधि

## प्रश्न-पत्र II

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 300

---

### अनुदेश

*प्रत्येक प्रश्न हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख उत्तर-पुस्तक के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्रवेश-पत्र पर उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं । बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*यदि आवश्यक हो तो उपयुक्त आँकड़ों का चयन कीजिए तथा उनको निर्दिष्ट कीजिए ।*

*सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।*

---

**Note :** *English version of the Instructions is printed on the front cover of this question paper.*